>

Title: Need to expedite the setting up of AIIMS at Patna - laid.

श्री राम कृपाल यादव (पटना) : अध्यक्ष महोदय, देश के विभिन्न राज्यों में स्थापना हेतु प्रस्तावित छः एम्स समकक्ष संस्थानों में एक पटना (बिहार) में स्थापित हो रहा है। इस एम्स का कार्यक्रम 2002-03 के बजट में बना था। अब करीब पिछले छः वर्षों में अभी तक जो प्रगति हुई है इससे मालूम होता है कि पटना एम्स अगले 10 वर्षों में भी बन जाये तो अतिश्योक्ति होगी। बिहार देश का अति पिछड़ा प्रदेश है। वहां के लोगों को ईलाज के लिए दिल्ली या अन्य जगहों पर जाना पड़ता है। ज्यादातर मरीज गरीबी के कारण तो अपना इलाज भी नहीं करा पाते हैं और उनकी जान चली जाती है। एक एम्स पटना में बन जाने से बिहार के लोगों को काफी राहत मिलेगी, खासकर दूर दराज के मरीज जो अपना ईलाज कराने में सक्षम नहीं हैं।

अतः मैं इस सदन के माध्यम से माननीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जी का ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं और आग्रह करता हूं कि पटना में स्थापित हो रहे एम्स का कार्य तेजी से करवाने और शीघ्र पूरा कराने के लिए समुचित व्यवस्था करने की कृपा करें।